रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपारेशन लिमिटेड

Endless energy. Infinite possibilities.

**RURAL ELECTRIFICATION CORPORATION LIMITED**

(भारत सरका का उद्यम) (**A Government of India Enterprise**)

Regd Office: Core-4, SCOPE Complex, 7 Lodi Road New Delhi 110003
Tele. 24365161 Fax 24360644 Email reccorp@recl.nic.in Gram RECTRIC
Website www.recindia.com & www.recindia.nic.in

सं. आईटी/टीएसईसी/62/1/627 दिनांक 13 जुलाई 2010

सेवा,

को: सीईआरटी सिक्योरिटी ऑडिट के दिल्ली/एनसीआर सभी संगठन जिनका नाम संलग्न सूची में है।

**विषयः .आरईसीएल के बैंकिंग डिविजन द्वारा ऑनलाइन लेनदेन के लिए सुरक्षित नीति की तैयारी और नेटवर्क आर्किटेक्चर की समीक्षा के लिए सलाहकार सेवाओं हेतु प्रस्ताव देने का अनुरोध।**

प्रिय महोदय,

रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड (भारत सरकार का उद्यम) विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत काम करता है और इसका कारपोरेट ऑफिस कोर-4, स्कोप कांप्लेक्स, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली में है। यह **कारपोरेशन एचडीएफसी बैंक के जरिये आनलाइन फंड ट्रांसफर के लिए ईनेट-कारपोरेट इंटरनेट बैंकिंग सर्विसेस शुरू करना चाहता है।** आरईसी के बैंकिंग डिविजन द्वारा आनलाइन बैंकिंग लेनदेन के लिए सुरक्षित माहौल की स्थापना के लिए स्कोप आफ वर्क नीचे दिया जा रहा है-

(क) निगम में मौजूदा सिक्योरिटी पॉलिसीस/व्यवहारों का एचडीएफसी बैंक और नेटबैंकिंग फैसिलिटीज आदि तथा आरईसी के लिए उनके निहितार्थो की जांच करना। इस नीति को आरईसी के हितों की रक्षा तथा आनलाइन वित्तीय लेनदेन से जुड़े हुए जोखिम दूर करने के उद्देश्य से अद्यतन बनाना।

(ख) वर्तमान नेटवर्क आर्किटेक्चर की जांच करना तथा बैंकिंग सेक्शन आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर को सुरक्षित बनाना। अगर नेटवर्क इंफ्रांस्ट्रक्चर में किन्ही परिवर्तनों की जरुरत हो तो वो आरईसी द्वारा किये जायेंगे लेकिन एजेंसी परिवर्तन करते समय आरईसी की इस काम में मदद करेगी।

(ग) बैंकिंग अनुभाग तथा अन्य चुने गये कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण व्यवस्था करना। इसके लिए बदले हुए माहौल में संभावित खतरों, श्रेष्ठ व्यवहारों और अन्य संबंधित विषयों सहित सुरक्षा नीति प्रबंधन करना।

(घ) सिफारिशों और सुरक्षा नीति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

उव्त स्कोप आफ वर्क को देखते हुए आप से अनुरोध है कि आप अपनी शर्तों का उल्लेख करते हुए उव्त प्रकार की सेवाएं देने के लिए अपने कोटेशन भेजें। आप की सेवा शर्तें वैसे ही होनी चाहिए जैसी आपने किसी सरकारी संगठन को सेवाएं देते समय रखी हों।

सीईआरटी - इन सर्टिफाइड इम्पैनल्ड सिक्योरिटी ऑडिटिंग एजेंसी के लिए पात्रता मापदण्ड -

(1)संगठन ने किसी सार्वजनिक संस्थान/बैंक के लिए इसी तरह के सिक्योरिटी ऑडिट असाइनमेंट किये हों।

(2)संगठन के पास किसी ग्राहक- सार्वजनिक प्रतिष्ठान/बैंक द्वारा दिया गया संतोषजनक निष्पादन का प्रमाणपत्र हो।

(3) उसके पास कोई वैध सीईआरटी - इम्पैनल्मेंट सर्टिफिकेट हो।

(4) संगठन का मुख्यालय दिल्ली/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित हो।

डेलीवरेबल्सः

- आरईसी की वर्तमान सुरक्षा नीतियों एवं नेटवर्क सेटअप की ऑडिट रिपोर्ट ।
- सुरक्षा नीतियों में संशोधन, यदि कोई हो।
- सिफारिशों एवं सुरक्षा नीति की रिपोर्ट।
- प्रशिक्षण

**दरें और कीमतें:**

- अगर अधूरी दरें प्राप्त हुई, तो उन्हें सरसरी तौर पर नामंजूर कर दिया जायेगा। अगर प्रस्ताव में कोई संशोधन या फेरबदल किया गया हो तो उसे बोलीदाता को खुद तारीख सहित पूरा हस्ताक्षर करके सत्यापित करना चाहिए। प्रस्ताव में लिखे हुए को मिटाने अथवा ओवरराइटिंग करने की इजाजत नही होगी।
- सभी प्रकार के कानूनी रूप से देय सरकारी कर और टैक्सों का विवरण विनिर्दिष्ट किया जाये। कोट किये गये मूल्य पक्के हों और वैधता के दौरान दरों, कीमतों अथवा प्रस्ताव में किसी तरह का परिवर्तन नही किया जा सकेगा।
- कोई अतिरिव्त माल भाड़ा अन्य प्रभार देय नही होगा।

**पेन्ल्टी क्लाज:**

- निर्धारित तारीख तक या पहले सेवा देने से विफल रहने पर हर हफ्ते ठेके के कुल मूल्य के 0.5 प्रतिशत के बराबर जुर्माना देना पड़ेगा जो अधिकतम ठेके के मूल्य के दस प्रतिशत के बराबर तक हो सकता है।
- अगर पार्टी निर्धारित समय के दस दिन बाद तक आदेश पूरा करने में विफल रही तो आरईसी को आदेश को रद्द कर देने का अधिकार होगा।

**अदायगी शर्तें:**

- काम पूरा हो जाने अर्थात चार हफ्ते बाद 100 प्रतिशत अदायगी।

**बोली वैधता:**

- प्रस्ताव देने की तारीख से 30 दिन।

**काम पूरा करने की अनुमानित अवधि:**

- स्वीकृति पत्र (लेटर आफ ऐसेप्टेंस) से चार हफ्ते।

आप का कोटेशन एक सील किये हुए लिफाफे में **उप महाप्रबंधक**(आईटी), आईटी प्रभाग, पहली मंजिल, आरईसी लिमिटेड, कोर-4, स्कोप कांप्लेक्स, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली, के पास पहुंच जाना चाहिए।

**कोटेशन प्रस्तुत करने की आखिरी तारीख 20-7-2010 अपराह्न 3 बजे तक है।**

**बोलियां खोले जाने की तारीख 20-7-2010, समय शाम 4 बजे उक्त पते पर है ।**

कोई बोलीदाता अगर बोली खोले जाने के समय उपस्थित रहना चाहता है तो उसे उक्त समय और स्थान पर अवश्य उपलब्ध होना चाहिए।

भवदीय

पी.के.मुखोपाध्याय
उप महाप्रबंधक (आईटी)

अनुबंध

1. **श्री आशीष कुमार सक्सेना, प्रबंध निदेशक,**
मैसर्स एकेएस इंफरमेशन टेक्नोलॉजी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,
ई-52, पहली मंजिल,
सेक्टर-3, नोएडा-201301.

2. **श्री रजत खरे, निदेशक,**
मैसर्स एपिन सॉफ्टवेयर सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड,
टीबीआईयू, मोडयूल-3,
आईआईटी, हौजखास,
नई दिल्ली-110016.

3. **श्री देवोप्रियो कार, हेड, इंफरमेशन सिक्योरिटी,**
मैसर्स साइबरक्यू कन्सल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड,
31, पहली मंजिल, कृष्णा मार्केट,
कालकाजी, नई दिल्ली-110019.

4. **श्री प्रसून राय बर्मन, ग्लोबल प्रैक्टिस डायरेक्टर - सिक्योरिटी,**
मैसर्स एचसीएल, कॉमनेट लिमिटेड,
हेड ऑफिस,
ए 10-11, सेक्टर-3,
नोएडा-201301.

5. श्री अखिलेश टुटेजा, कार्यकारी निदेशक,
मैसर्स केपीएमजी,
4 बी, डीएलएफ कारपोरेट पार्क,
डीएलएफ सिटी, फेस-3,
गुडगांव-122002.

6. **श्री संदीप के सिक्का, महाप्रबंधक प्रचालन,**
मैसर्स नेटवर्क सिक्योरिटी सल्यूशंस (इंडिया) लिमिटेड,
ए-100, पहली मंजिल, सेक्टर-5,
नोएडा-201301.

7. **श्री मनीष बाखरु,**
मैसर्स एनआईआईटी टेक्नोलॉजीज लिमिटेड,
223-224, उद्योग विहार-1,
गुडगांव-122002.

8. **श्री नीलरतन, कार्यकारी निदेशक,**
मैसर्स प्राइसवाटरहाउसकूपर्स प्राइवेट लिमिटेड,
बिल्डिंग 8, आठवीं मंजिल,
टावर बी, डीएलएफ साइबर सिटी,

गुडगांव-122002

9. **श्री महेश सिंह, निदेशक,**
मैसर्स स्पेक्ट्रम आईटी साल्यूशन,
बी 118, पहली मंजिल,
सेक्टर-64,
नोएडा-201307.

10. **श्री अरविंद कुमार, वैज्ञानिक 'एफ'**
एसटीक्यूसी डायरेक्टरेट
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग,
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार,
इलेक्ट्रानिक्स निकेतन,
6 सीजीओ कांप्लेक्स, लोधी रोड,
नई दिल्ली-110003

11. **श्री मनोज गिलरा, निदेशक कारोबार,**
मैसर्स टेक महिन्द्रा लिमिटेड,
ए-7, सेक्टर 64,
नोएडा-201301.

**12.** **श्री संजीव अरोड़ा, निदेशक,**
मैसर्स टेक्नोलॉजिक्स एंड कंट्रोल,
2/30, तीसरी मंजिल,
सराय जुलेना, नई दिल्ली- 110025.

13. **श्री सचिन नागपाल, परामर्शदाता,**
मैसर्स विप्रो लिमिटेड,
परामर्श प्रभाग,
480-481, उद्योग विहार, फेज-3,
गुडगांव-122016.